लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2805
दिनांक 20.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

हथकरघा क्षेत्र के लिए बजट

2805. कुमारी अगाथा के. संगमा

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) चालू वित्तीय वर्ष में हथकरघा क्षेत्र के लिए आबंटित बजट का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की मेघालय राज्य और पूर्वोत्तर क्षेत्र में इसके विकास के लिए कोई योजना है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) हथकरघा कामगारों की सहायता के लिए गैर-सरकारी संगठनों अथवा अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ किसी प्रकार सहयोग के संबंध में विस्तृत ब्यौरा क्या है; और

(घ) मेघालय में हथकरघा कामगारों के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता कार्यक्रमों और योजनाओं का ब्यौरा क्या है और ग्रामीण तथा दूरस्थ क्षेत्रों तक उनकी कितनी पहुंच है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क): राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम और कच्चा माल आपूर्ति योजना के कार्यान्वयन हेतु चालू वित्त वर्ष के दौरान हथकरघा क्षेत्र के लिए आवंटित बजट 360 करोड़ रुपये है।

(ख) से (घ): वस्त्र मंत्रालय हथकरघा को बढ़ावा देने और हथकरघा बुनकरों के कल्याण के लिए मेघालय राज्य तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र के ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों को कवर करते हुए पूरे देश में निम्नलिखित योजनाएं कार्यान्वित कर रहा है:

1. राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम;
2. कच्चा माल आपूर्ति योजना;

उपरोक्त योजनाओं के तहत, पात्र हथकरघा एजेंसियों/बुनकरों को कच्चे माल, उन्नत करघे और सहायक उपकरण की खरीद, सोलर लाइटिंग यूनिट्स, वर्कशेड के निर्माण, कौशल, उत्पाद और डिजाइन विकास, तकनीकी और सामान्य बुनियादी ढांचे, घरेलू/विदेशी बाजारों में हथकरघा उत्पादों की मार्केटिंग, बुनकर मुद्रा योजना के तहत रियायती ऋण और सामाजिक सुरक्षा आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। हथकरघा कामगारों की सहायता करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ वर्तमान में कोई विशेष सहभागिता नहीं है।

मेघालय राज्य और उत्तर पूर्वी क्षेत्र में हथकरघा कामगारों की सहायता और हथकरघा क्षेत्र के विकास हेतु भारत सरकार द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

i. पूर्वोत्तर क्षेत्र में वित्तीय सहायता के लिए 200 हथकरघा क्लस्टरों को शुरू किया गया है, जिनमें मेघालय के 6 क्लस्टर भी शामिल हैं।

ii. वित्तीय सहायता के लिए शिवसागर (असम) और पूर्वी इंफाल (मणिपुर) में 2 मेगा हथकरघा क्लस्टरों को शुरू किया गया है।

iii. पूर्वोत्तर क्षेत्र में 27,458 हथकरघा कामगारों को कौशल उन्नयन प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें मेघालय के 1,108 कामगार भी शामिल हैं।

iv. क्राफ्ट संवर्धन को पर्यटन के साथ एकीकृत करने के लिए, मोहपारा (असम) और मोइरांग (मणिपुर) में क्राफ्ट हैंडलूम विलेज स्थापित किए जा रहे हैं।

v. उत्पादकता, मार्केटिंग क्षमताओं को बढ़ाने और बेहतर आय की सुविधा के लिए, पूर्वोत्तर क्षेत्र में 32 हथकरघा उत्पादक कंपनियों (पीसी) का गठन किया गया है।

vi. हथकरघा क्षेत्र में डिजाइन-उन्मुख उत्कृष्टता के निर्माण और सृजन हेतु बुनकरों, निर्यातकों, निर्माताओं तथा डिजाइनरों को उत्पाद विकास के लिए डिजाइन रिपॉजिटरी तक पहुंच की सुविधा प्रदान करने के लिए बुनकर सेवा केंद्र, गुवाहाटी में डिजाइन संसाधन केंद्र स्थापित किया गया है।

*****